**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

### विश्वविद्यालय में हरेला पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर 22 जुलाई 2023। प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित देव भूमि उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला को विस्तृत वृहद आयाम देते हुए सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कर मनाया गया। इस अवसर पर गृह विज्ञान महाविद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक रूप से परिसर में वृक्षारोपण पर्व प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं को कृत संकल्पित किया।

कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. अदिति वत्स के मार्गदर्शन में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में डा. शहनाज जहाँ, डा. अर्चना कुशवाहा, डा. छाया शुक्ला, डा. नीतू डोभाल, डा. पूनम तिवारी, डा. शेफाली मैसी, श्री सर्वेश कुमार राय, श्री सुभाष शर्मा, श्री करमा उराँव, श्री नीरज, श्री जगदीश, श्री हरीश कापड़ी, श्री तनुज, श्री मनोहर, श्री सतीश, श्री रघुवीर, श्रीमती मंजू, श्रीमती ममता, वंदा आदि ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण करने के साथ–साथ इन वृक्षों की देखभाल का संकल्प लेते हुए सभी लोगों ने स्वयं में प्रतिज्ञा की चीजें पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ–साथ अपने आस–पास के पर्यावरण को भी संरक्षित करते रहेंगे।



*वृक्षारोपण करते महाविद्यालय के अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**